***h Regarding construction of embankment on both sides of river Chenab in Jammu Parliamentary Constituency-laid**

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के अखनूर सेक्टर में चिनाब नदी के किनारे स्थित गांवों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। इस सीजन में चिनाब नदी ने लगभग 800 मीटर गांवों की ओर अपनी दिशा बदल दी है, जिसके परिणामस्वरूप संग्रामपुर, चांजवान, मैरा, सातेरवाला, चक सिकंदर, गैर तथा बकोरे आदि गांवों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और उनकी खेती योग्य भूमि बह गई है। चिनाब नदी में पानी के लगातार बढ़ते स्तर के कारण उनका जीवन और संपत्ति भी उच्च जोखिम में है। उनके जीवन और संपत्ति को बचाने के लिए चिनाब नदी के दोनों किनारों पर सुरक्षा बैंड बनाने की सख्त जरूरत है। चिनाब नदी के उचित तटीकरण का प्रस्ताव पहले ही जम्मू-कश्मीर राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किया जा चुका है जो मंत्रालय में मंजूरी के लिए लंबित है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता पर विचार करें और चिनाब नदी के दोनों किनारों पर सुरक्षा बैंड बनाने के लिए तत्काल उपाय के लिए धन आवंटित करें ताकि ग्रामीणों को कुछ राहत मिल सके । धन्यवाद ।